शुभ दीपावली
नव भारत
राष्ट्रहितकारी
1934 से

दीवाली से पहले प्रदेश की हवा बिगड़ी

भोपाल, इंदौर, उज्जैन और मंडीदीप में भी प्रदूषण बढ़ा, पर्यावरण परिसर में 261 दर्ज हुआ एक्यूआई

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 7 नवंबर. दिवाली से पहले ही प्रदेश के कई शहरों की हवा प्रदूषित होने लगी है. ग्वालियर में वायु गुणवत्ता की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है. यहां तीन निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार पहुंच गया है.

दीनदयाल नगर में एक्यूआई 348 दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक है. इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, मंडीदीप और सिंगरौली में भी हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है. हालांकि राहत की बात यह है कि प्रदेश के किसी भी निगरानी केंद्र पर एक्यूआई 400 के पार नहीं पहुंचा है.

348 तक पहुंचा ग्वालियर में एक्यूआई



ग्वालियर में प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक दर्ज किया गया. दीनदयाल नगर में एक्यूआई 348, महाराज बाड़ा में 334 और सिटी सेंटर में 316 रहा. तीनों केंद्रों पर हवा बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुई. दीनदयाल नगर और सिटी सेंटर में पीएम 2.5, जबकि महाराज बाड़ा में पीएम 10 प्रमुख प्रदूषक रहा.

जबलपुर के चारों निगरानी केंद्रों पर हवा मध्यम श्रेणी में रही. मार्हताल में एक्यूआई 164, गुप्तेश्वर में 131, सुहागी में 108 और गोविंद भवन कॉलोनी में 74 दर्ज किया गया. सागर के सिविल लाइंस में 154 और दीनदयाल नगर में 80, कटनी के गोल बाजार में 197, देवास के भोपाल चौराहे पर 162 तथा पीथमपुर के सेक्टर-2 औद्योगिक क्षेत्र में 167 एक्यूआई रहा. रतलाम के शास्त्री नगर में एक्यूआई 132 दर्ज किया गया. यहां नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ2) प्रमुख प्रदूषक रहा. कुछ शहरों में हवा की गुणवत्ता संतोषजनक रही.

भोपाल के पर्यावरण परिसर में एक्यूआई 261

राजधानी भोपाल में पर्यावरण परिसर का एक्यूआई 261 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है. यहां पीएम 2.5 प्रमुख प्रदूषक रहा. दूसरी ओर टीटी नगर में एक्यूआई 183 और ईदगाह हिल्स में 141 दर्ज किया गया.

इंदौर में अलग-अलग इलाकों की हवा में अंतर

इंदौर के सभी क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर एक जैसा नहीं रहा. मगोड़ा नगर में एक्यूआई 188 और रेजिडेंसी एरिया में 172 दर्ज हुआ. एयरपोर्ट क्षेत्र में यह 101 रहा, जबकि रीजनल पार्क में एक्यूआई महज 48 दर्ज किया गया.

प्रदेश के 60 अस्पतालों का होगा कायाकल्प, 208 करोड़ मंजूर

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 7 नवंबर. प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए बड़े स्तर पर निर्माण और उन्नयन कार्य किए जाएंगे. इसके लिए 60 सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 208 करोड़ 75 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है.

इस राशि से पुराने भवनों की मरम्मत, अस्पतालों का विस्तार और नए भवनों का निर्माण होगा. सरकार का उद्देश्य जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़े.

यंत्री बोले-समयसीमा में निर्माण होगा पूरा

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीक्षक यंत्री प्रदेश के 60 स्वास्थ्य संस्थानों में उन्नयन, विस्तार और नए निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं. काम को 10 समूहों में बांटा गया है, ताकि गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में निर्माण पूरा कराया जा सके. खरगोन और सतना के एमसीएच विंग तथा पांच स्थानों पर नए भवनों का निर्माण प्राथमिकता में रहेगा.

शशि कुमार बंसल,
अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग

टीआई को रंगरेलियां मनाने मिला विधायक का कमरा

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 7 नवंबर. विधायक विश्रामगृह में कांग्रेस विधायक दिनेश जैन बॉस के आवंटित कमरे में युवक-युवती के मिलने का मामला अब नया मोड़ ले चुका है. जिस केयरटेकर पर विधायक ने बिना अनुमति कमरा देने का आरोप लगाया था, उसने दावा किया है कि खुद को भाजपा विधायक कुंवर सिंह टेकाम का पीए बताने वाले बीएस वर्मा के कहने पर कमरा दिया गया था.

केयरटेकर के मुताबिक, उसे टेकाम के कमरे की चाबी देनी थी, लेकिन जल्दबाजी में उसने कांग्रेस विधायक दिनेश जैन के कमरे की चाबी दे दी. केयरटेकर राजकुमार का कहना है कि उसने अपनी मर्जी से कमरा नहीं दिया था, बल्कि पीए वर्मा के फोन पर कथित टीआई को कमरा दिया था. वर्मा ने उसे बताया था कि टीआई साहब आ रहे हैं.

इनका कहना...



यह बात सही है कि कमरे में ठहरे महिला-पुरुष पुलिसकर्मी थे. महिला पुलिस वर्दी में थी.

दिनेश जैन, विधायक, महिदपुर विधानसभा

bob World
Powered by ai
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक
फ़ेस्टिव है सीज़न
खुशियों का रीज़न
शुभ दीपावली
bob के संग त्योहार की उमंग
शुभ भी. लाभ भी.
bob कार लोन
@7.85%* प्रति वर्ष
*नियम व शर्तें लागू.
डिजिटल रूप से आवेदन करें
मिस्ड कॉल दें: 846 700 1133
टोल फ्री नंबर पर कॉल करें (24x7): 1800 5700 / 1800 5000
https://bankofbaroda.bank.in | हमें फॉलो करें

WCL
Coal India
WESTERN COALFIELDS LIMITED
वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनी रत्न कंपनी
देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए सदैव तत्पर
www.westerncoal.in

Since 1980
Goldiee GROUP
इस दिवाली
कोई रिश्ता अधूरा न रहे।
गोल्डी परिवार की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ।
जहाँ जाए रिश्ते बनाए
गोल्डी
SPRINKOO
डबल इंजन
One One INSTANT NOODLES
For online sales visit - www.goldieeonlinestore.com
www.goldiee.com 1800 123 201201 customercare@goldiee.com
/goldieegroupofficial /goldieegroupofficial /GoldieeGroup /goldieegroupofficial